# POLICE COMMISSIONERATE

# PRAYAGRAJ

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 11.05.2025

### थाना होलागढ़ पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना सोरांव पर पंजीकृत मु0अ0सं0-61/24 धारा-457/380/411 भा0द0सं0 व मु0अ0सं0-86/24 धारा-457/380/411 भा0द0सं0 से सम्बंधित वांछित अभियुक्त राजू यादव पुत्र राम फेर यादव निवासी हसनपुर थाना होलागढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना होलागढ़ पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-11.05.2025 को थाना होलागढ़ क्षेत्रान्तर्गत हसनपुर के पास गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि दिनांक-11.04.2024 को थाना होलागढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मुकुन्दपुर निवासी सतीश कुमार पुत्र अशर्फीलाल की दुकान से अज्ञात चोरो द्वारा की-पैड मोबाइल, चार्जर, मोबाइल बैटरी आदि सामान चुरा लिया गया था, जिसके सम्बंध मे मु0अ0सं0-61/24 उपरोक्त तथा दिनांक-12.06.2024 को थाना होलागढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सुल्तानपुर जयसिंह निवासी दिलीप कुमार मिश्रा पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा के घर से अज्ञात चोरो द्वारा गहने व कपड़े चोरी कर लिए गये थे, जिसके सम्बंध मे प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-86/24 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। मु0अ0सं0-61/24 उपरोक्त से सम्बंधित अभियुक्त 1. सूरज सरोज पुत्र मिठाईलाल निवासी अरूआंव थाना होलागढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज 2. सूमित पुत्र जोखई निवासी रामदासपुर थाना होलागढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज तथा मु0अ0सं0-86/24 उपरोक्त से सम्बंधित अभियुक्त सोनू पटेल उर्फ सोनेलाल पटेल पुत्र कन्हैया पटेल निवासी सुल्तानपुर जयसिंह थाना होलागढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

राजू यादव पुत्र राम फेर यादव निवासी हसनपुर थाना होलागढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज उम्र करीब 25 वर्ष।

**सम्बंधित अभियोग का विवरण-**

1. मु0अ0सं0-86/24 धारा-457/380/411 भा0द0सं0 थाना होलागढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. मु0अ0सं0-61/24 धारा-457/380/411 भा0द0सं0 थाना होलागढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. व0उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह, थाना होलागढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 अखिलेश कुमार सिंह, थाना होलागढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 बल्ली सिंह यादव, थाना होलागढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।

## थाना शंकरगढ़ पुलिस टीम द्वारा बम फेंकने की घटना से संबंधित वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

थाना शंकरगढ़ पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय से संबंधित मु0अ0सं0 044/2025 धारा 109/288/61(2)/317(2)/53 बीएनएस व 4/5 विस्फोटक अधि0 के प्रकाश मे आये वांछित अभियुक्त अमित भारतीया पुत्र राजेश भारतीया निवासी भोला का पूरा, प्रीतम नगर थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को आज दिनांक-11.05.2025 को मुखबिर की सूचना पर गौरा रोड़ नहर पुलिया के पास मवैया थाना क्षेत्र शंकरगढ़ से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

अवगत कराना है कि दिनांक-14.04.2025 को वादी सौरभ केशरवानी पुत्र स्व0 देवदास निवासी वार्ड नं0 4 चाकघाट थाना चाकघाट जनपद रीवा म0प्र0 द्वारा तहरीर दी गई कि दो अज्ञात मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा जान से मारने की नियत से वादी के भाई रवी केशरवानी के ऊपर दिनांक-13.04.2025 को बम फेका गया, जिससे वादी के भाई रवी केशरवानी व उसके चालक वेद को गम्भीर चोट आ गयी थी। उक्त प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना शंकरगढ़ पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। गिरफ्तारी हेतु गठित टीमों के

अथक प्रयास तथा अन्य तकनीकी व भौतिक संसाधनों की मदद से दिनांक-29.04.2025 को उक्त घटना से संबंधित 04 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकाश मे आया वांछित अभियुक्त अमित भारतीया उपरोक्त फरार चल रहा था जिसको आज दिनांक-11.05.2025 को थाना शंकरगढ़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ पर अभियुक्त अमित भारतीया उपरोक्त द्वारा बताया गया कि भोला केशरवानी व रवी के मध्य पूर्व मे जमीन के कब्जेदारी के लिये कई बार विवाद हुआ था जिसमे रवी उपरोक्त द्वारा जमीनों की कीमत बढ़ाकर अपने कब्जे मे कर लेता था और इसी बात को लेकर आये दिन तिरस्कृत किया करता और इसी बात को लेकर पूरे बाजार मे उपहास उडाया जाता था। इसी बात को लेकर हम सभी ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -**

अमित भारतीया पुत्र राजेश भारतीया निवासी भोला का पूरा, प्रीतम नगर थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 22 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-044/2025 धारा-109/288/61(2)/317(2)/53 बीएनएस व 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधि0 थाना शंकरगढ कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 अनुराग थाना शंकरगढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।

2.का0 धर्मेन्द्र पाल थाना शंकरगढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।

3.का0 जीउत शर्मा थाना शंकरगढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।

## अपहरण के अभियोग का वांछित 01 अभियुक्त थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता बरामद

थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 216/2025 धारा 137(2)/351(2) बीएनएस के नामजद वांछित अभियुक्त मोहम्मद इरफान अली उर्फ बाबू जी पुत्र स्व0 कमालुद्दीन उर्फ स्व0 कमाल टाली वाला निवासी बल्दी क पूरवा, मोहब्बतगंज थाना नैनी, जनपद प्रयागराज को आज दिनाकं-11.05.2025 को मुखबिर की सूचना पर बल्दी क पूरवा, मोहब्बतगंज थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि अपहृता/पीड़िता पूर्व में ही बरामद की जा चुकी है। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### घटना का संक्षिप्त विवरण-

अवगत कराना है कि वादी की तहरीरी सूचना स्वयं की बहन को अभियुक्त मोहम्मद इरफान अली उर्फ बाबू जी उपरोक्त के द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने के सम्बन्ध में थाना नैनी पर दिनांक 08.05.2025 को मु0अ0सं0 216/2025 धारा 137(2)/351(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ। अभियोग पंजीकृत कर थाना नैनी पुलिस द्वारा पीड़िता/ अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। जिसके क्रम में आज दिनांक-11.05.2025 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मोहम्मद इरफान अली उर्फ बाबू जी उपरोक्त को थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया। विवेचना से मुकदमा उपरोक्त में धारा 87/64(1) बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मोहम्मद इरफान अली उर्फ बाबू जी पुत्र स्व0 कमालुद्दीन उर्फ स्व0 कमाल टाली वाला निवासी बल्दी क पूरवा, मोहब्बतगंज थाना नैनी जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 22 वर्ष।

### संबंधित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 216/2025 धारा 137(2)/351(2)/87/64(1) बीएनएस व 5/6 पॉक्सो एक्ट थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 शिव जी गुप्ता थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज ।

2.उ0नि0 विकास कुमार सिंह थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज ।

3.का0 आशीष यादव थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज ।